Please take notice that from copy of the Instrument executed by / in favour of you dated.....(in case of the registered document, Registration number.....date.....), prima facie it seems that the Instrument is unduly stamped. Therefore, you are hereby required to produce original instrument on date ..... at time ..... under section 48(b) of Indian Stamp Act 1899 (No. II of 1899) before undersigned, for the purpose of satisfying on the adequacy of amount of duty paid on original instrument.

If the Original Instrument is not presented on the due date, it will be presumed that the Original Instrument is not duly stamped and accordingly, action will be taken for the recovery of deficit stamp duty and penalty in the manner provided in Section 40 of the Indian Stamp Act, 1899 (II of 1899) on the basis of copy of the instrument.

Office ..... Collector

Place.....

Date..... (seal)

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,

S. D. RICHHARIA, Dy. Secy.

क्र. एफ-बी-04-05-2018-2-पांच-(28) भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2018

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 2 की उप धारा (11), (16-ख), धारा 27, 40 तथा 75 सहपठित अधिसूचना क्रमांक 16638-227-इक्कीस-अ दिनांक 23.10.2017 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस बारे में समस्त अन्य सामर्थ्यकारी शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, तथा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2404-3290-पांच पृ.आ.-75 दिनांक 13 जून, 1975 को इनमें किए गए समस्त पश्चात्वर्ती संशोधनों सहित अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

नियम

1. **संक्षिप्त नामः-** इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश लिखतों का बाजार मूल्य अवधारण एवं असम्यक रूप से मुद्रांकित लिखतों का निराकरण नियम, 2018 है।

2. **परिभाषाएं :-**इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य को लागू हुए रूप में भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2);

(ख) "प्राधिकृत अभिकर्ता" से अभिप्रेत है -

(एक) ऐसा व्यक्ति, जो कि अपने स्वामी की ओर से कार्य करने हेतु प्राधिकृत करने वाला मुख्तारनामा रखता हो;

(दो) ऐसा अभिकर्ता जिसे अपने स्वामी के हस्ताक्षर से किसी लिखित प्राधिकार द्वारा सशक्त किया गया हो;

(ग) "प्ररूप" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न प्ररूप;

(घ) "रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी" से अभिप्रेत है, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी;

(च) "बाजार मूल्य के अवधारण हेतु सशक्त अधिकारी" से अभिप्रेत है, अधिनियम में यथापरिभाषित कलक्टर एवं अपीलीय प्राधिकारी।

3. **अन्य विशिष्टियां जो कि अधिनियम की धारा 27 द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार लिखतों में उल्लिखित की जाएगी.-** यथा मूल्य शुल्क से प्रभारणीय स्थावर सम्पत्ति से संबंधित लिखत में निम्नलिखित विशिष्टयां भी पूर्णतया तथा सत्यतापूर्वक उल्लिखित की जाएगी, अर्थात्:-

(एक) कृषिक भूमि से संबंधित लिखत के मामले में– समोपस्थ ऐसी कृषिक भूमि के, जो कि मृदा में उसी वर्ग की हो, भूमि स्वामी द्वारा देय भू–राजस्व यदि वह भूमि जो कि लिखत की विषय वस्तु है, भू–राजस्व के भुगतान से छूट प्राप्त है या उस पर भू–राजस्व का निर्धारण नहीं किया गया है।

(दो) भू राजस्व से निर्धारित कृषि भूमि से संबंधित लिखत के मामले में–

(क) राजस्व निरीक्षक मंडल, तहसील तथा जिले के नाम के साथ उस गांव का नाम, जहां भूमि स्थित है; तथा

(ख) भूमि सिंचित है या नहीं तथा यदि सिंचित हो तो सिंचाई केवल एक फसल के लिए है या दो फसलों के लिए।

(तीन) कृषि भूमि से भिन्न नगरीय या ग्रामीण क्षेत्र की किसी स्थावर सम्पत्ति के संव्यवहार से संबंधित लिखत के मामले में–

(क) प्लाट का क्षेत्रफल, उपयोग तथा उस पर सन्निर्मित भाग का क्षेत्रफल ; और

(ख) सन्निर्माण का प्रकार एवं वर्ष।

4.(1) केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या राज्य सरकार के किसी उपक्रम या राज्य में किसी नगर पालिक निकाय द्वारा या की ओर से निष्पादित पट्टे के अंतर्गत सम्पत्ति के बाजार मूल्य, प्रीमियम, भाटक का निर्धारण.– इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए किसी संपत्ति का बाजार मूल्य, प्रीमियम तथा भाटक, जो केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार या राज्य सरकार के किसी उपक्रम या राज्य में किसी नगर पालिक निकाय द्वारा या उसकी ओर से निष्पादित पट्टे की विषयवस्तु है, लिखत में दर्शित मूल्य होगा।

(2) कोई ऐसी संपत्ति जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या उसकी ओर से लिखे गए हस्तान्तरण पत्र की विषयवस्तु हो, का बाजार मूल्य लिखत में दर्शाया गया मूल्य होगा।

5. अधिनियम की धारा 38 के अधीन बने निर्देश की प्राप्ति पर या कलक्टर द्वारा अधिनियम की धारा 33 के अन्तर्गत लिखत परिबद्ध किए जाने पर या धारा 48(ख) के अधीन स्वप्रेरणा से कार्यवाही करने का प्रस्ताव होने पर प्रकिया–

(1) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी से अधिनियम की धारा 38 की उपधारा (2) के अधीन निर्देश के साथ एक विवरण संलग्न होगा, जो प्ररूप–एक में होगा।

(2) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी से अधिनियम की धारा 38 की उपधारा (2) के अधीन बने किसी निर्देश की प्राप्ति पर या कलक्टर द्वारा धारा 33 के अन्तर्गत लिखत परिबद्ध किए जाने पर या जहां कलक्टर धारा 48(ख) के अधीन स्वप्रेरणा से कार्यवाही प्रस्तावित करे तो वह–

(क) ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को, जिसके द्वारा; और

(ख) ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को जिसके पक्ष में लिखत का निष्पादन किया गया हो। यथास्थिति निर्देश की प्राप्ति या स्वप्रेरणा से कार्यवाही करने संबंधी उसके प्रस्ताव की उसे जानकारी देते हुए, यह दर्शाने के लिए कि लिखत में संपत्ति का बाजार मूल्य सत्यतापूर्वक उल्लिखित किया गया है, तथा/अथवा समुचित शुल्क चुकाया गया है लिखित में कोई अभ्यावेदन यदि कोई हो, उसे प्रस्तुत करने तथा ऐसी समस्त साक्ष्य जो कि वह अभ्यावेदन के समर्थन में देना चाहे, यथास्थिति प्ररूप दो, तीन या चार में सूचना जारी करेगा।

(3) कलक्टर, यदि वह उचित समझे ऐसे किसी व्यक्ति का कथन अभिलिखित कर सकेगा, जिसे उपनियम (2) के अधीन सूचना जारी की गई हो।

(4) कलक्टर जांच के प्रयोजन के लिए–

(क) सरकार या स्थानीय प्राधिकारी के अधीन किसी लोक कार्यालय, अधिकारी या प्राधिकारी से कोई जानकारी या अभिलेख मांग सकेगा;

(ख) किसी लोक सदस्य, सरकार या स्थानीय प्राधिकारी के अधीन किसी अधिकारी या प्राधिकारी की परीक्षा कर सकेगा तथा उसके कथन अभिलिखित कर सकेगा;

(ग) संबंधित पक्षों को सम्यक् सूचना देने के पश्चात् संपत्ति का निरीक्षण कर सकेगा।

6. **बाजार मूल्य अवधारित करने के लिए सिद्धांत.**– कलक्टर, यथासंभव बाजार मूल्य को अवधारित करने में निम्नलिखित बिन्दुओं को भी ध्यान में रखेगा–

(क) भूमियों की दशा में–

(एक) असिंचित या सिंचित, व्यपवर्तित एवं अव्यपवर्तित तथा तत्सदृश्य रूप से भूमि का वर्गीकरण;

(दो) बन्दोबस्त रजिस्टर में विभिन्न प्रवर्गों के अधीन वर्गीकरण;

(तीन) प्रत्येक वर्गीकरण के लिए राजस्व निर्धारण की दर;

(चार) अन्य घटक जो प्रश्नास्पद भूमि के मूल्यांकन को प्रभावित करते हों;

(पांच) लिखत के पक्षकारों द्वारा या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा वर्णित यदि कोई, बिन्दु जिन पर विशेष रूप से विचार किया जाना हो;

(छह) पार्श्वस्थ भूमियों या समीपस्थ भूमियों का मूल्य;

(सात) भूमि से औसत उपज, सड़क तथा बाजार से निकटता, ग्राम स्थल से दूरी, भूमि का स्तर, यातायात सुविधाएं, सिंचाई के लिए किसी भी रूप में उपलब्ध सुविधाएं;

(आठ) भूमि पर उगाई गई फसलों का प्रकार।

(ख) गृह स्थलों की दशा में–

(एक) परिक्षेत्र में गृहस्थलों का सामान्य मूल्य;

(दो) सड़कों, रेलवे स्टेशन, बस मार्गों से निकटता;

(तीन) बाजार, दुकानों तथा तत्सदृश्य स्थानों से निकटता;

(चार) उस स्थान में उपलब्ध सुख–सुविधाएं जैसे लोक कार्यालय, चिकित्सालय तथा शैक्षणिक संस्थाएं;

(पांच) सामीप्य क्षेत्रों में विकास संबंधी किया–कलाप, औद्योगिक सुधार;

(छह) स्थानीय कर, नगरपालिका या अन्य कर, जिनके कि अधीन ऐसा गृह स्थल हो तथा संबंधित स्थानीय प्राधिकारियों के करारोपण अभिलेखों के प्रति निर्देश से स्थल का मूल्यांकन;

(सात) ऐसा कोई विशिष्ट लक्षण जो कि स्थल के मूल्यांकन को विशेष रूप से प्रभावित करता हो, और

(आठ) पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए मामले में कोई विशिष्ट लक्षण।

(ग) भवनों की दशा में –

(एक) प्रकार तथा संरचना;

(दो) परिक्षेत्र, जिसमें निर्मित किए गए हैं;

(तीन) न्याधार का क्षेत्रफल;

(चार) निर्माण का वर्ष;

(पांच) उपयोग की गई सामग्री का प्रकार;

(छह) अवक्षयण की दर;

(सात) दरों में उतार चढ़ाव;

(आठ) ऐसे कोई अन्य विशिष्ट लक्षण जो मूल्य को प्रभावित करते हों;

(नौ) स्थानीय कर, नगरपालिका या अन्य कर जिसके कि अध्यधीन ऐसे भवन रहेंगे तथा संबंधित स्थानीय प्राधिकारी के करारोपण अभिलेखों के प्रति निर्देश से भवन का मूल्यांकन;

(दस) वह प्रयोजन जिसके लिए भवन का उपयोग किया जा रहा है तथा भाड़े के रूप में भवन से प्राप्त वार्षिक आय, यदि कोई हो ; और

(ग्यारह) पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए मामले के कोई विशिष्ट लक्षण।

(घ) भूमियों, गृहस्थलों तथा भवनों से भिन्न सम्पत्तियों की दशा में–

(एक) सम्पत्ति का प्रकार तथा दशा;

(दो) वह प्रयोजन, जिसके लिए संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है; और

(तीन) ऐसा कोई अन्य विशिष्ट लक्षण जो संपत्ति के मूल्यांकन को प्रभावित करता हो।

7. बाजार मूल्य तथा शास्ति के साथ देय शुल्क का अवधारण करने वाला आदेश–

(1) कलक्टर–

(एक) उस व्यक्ति से जिसे नियम 5 के उप–नियम (2) के अधीन सूचना जारी की गई है, लिखित में प्राप्त आपत्तियों तथा अभ्यावेदनों पर और उन पर जो कि सुनवाई के समय प्रस्तुत किए जाएं, विचार करने के पश्चात्,

(दो) इसके समक्ष प्रस्तुत किए गए अभिलेखों का परीक्षण करने के पश्चात्, और

(तीन) उसके समक्ष प्रस्तुत किए गए समस्त सुसंगत तथ्यों तथा साक्ष्य पर सावधानीपूर्वक विचार करने के पश्चात् ;

सम्पत्तियों का बाजार मूल्य तथा/अथवा लिखत पर देय शुल्क एवं शास्ति निर्धारण करते हुए एक आदेश पारित करेगा, आदेश की संसूचना पक्षकार को देगा और स्टाम्प शुल्क की रकम की अंतर की राशि तथा शास्ति, यदि कोई हो, वसूल करने की कार्यवाही करेगा।

(2) आदेश की एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी को उसके अभिलेख के लिए अग्रेषित की जाएगी।

8. अधिवक्ता या प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से उपसंजाति– पूर्वगामी नियमों के अधीन किसी जांच में किसी लिखत का कोई भी पक्षकार या तो व्यक्तिशः या किसी अधिवक्ता या किसी प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकेगा।

9. अपील–

(1) अधिनियम की धारा 40(1) की उप–धारा (घ) या (ङ) के अधीन प्रत्येक अपील में निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, अर्थात् :–

(क) अपीलार्थी का पूरा नाम, पिता का नाम या पति का नाम, व्यवसाय तथा पता;

(ख) लिखत का निष्पादन करने वाले हर व्यक्ति का पूरा नाम, पिता का नाम या पति का नाम व्यवसाय तथा पता;

(ग) लिखत के अधीन दावा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा नाम, पिता का नाम या पति का नाम, व्यवसाय तथा पता;

(घ) लिखत की तारीख तथा उसका प्रकार;

(ङ) रजिस्ट्रीकरण क्रमांक, रजिस्ट्रीकरण की तारीख तथा उस कार्यालय का नाम जहां लिखत का रजिस्ट्रीकरण किया गया था;

(च) तहसील तथा रजिस्ट्रीकरण उप–जिलों के नाम सहित, उस नगर या ग्राम का नाम जहां संपत्ति स्थित है;

(छ) कलक्टर के उस आदेश का, जिसके कि विरूद्ध अपील की गई है, कमांक तथा तारीख अधिनियम की धारा 40(1)(घ) के अधीन अपील में पारित किए गए आदेश का कमांक तथा तारीख;

(ज) सम्पत्ति का बाजार मूल्य जैसा कि वह लिखत में उल्लिखित किया गया है;

(झ) सम्पत्ति का बाजार मूल्य जैसा कि कलक्टर द्वारा अवधारित किया गया है।

(2) हर अपील के साथ–

(क) लिखत की मूल या प्रमाणित प्रतिलिपि होगी ; और

(ख) अपील के आधारों का ज्ञापन होगा।

(3) अपील के ज्ञापन के नीचे निम्नलिखित सत्यापन अपीलार्थी द्वारा पृष्ठाकिंत तथा हस्ताक्षरित किया जाएगा, अर्थात्:–

"मैं ..... अपीलार्थी यह घोषित करता हूं कि ऊपर जो कुछ भी कथित किया गया है, वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सत्य है, आज तारीख..... ..... मास..... सन्.....20..... को सत्यापित।"

(4) प्रत्येक अपील, अधिकारिता रखने वाले अपीलीय प्राधिकारी को व्यक्तिशः या किसी अधिवक्ता या किसी प्राधिकृत अभिकर्ता या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जाएंगी जो उसकी प्राप्ति की तारीख पृष्ठाकिंत करेगा।

10. **अपीलों के निपटारे हेतु प्रकिया**– (1) यदि अपीलीय प्राधिकारी अपील ग्रहण कर ले, तो अपीलार्थी की सुनवाई के लिए एक तारीख नियत की जाएगी। अपीलीय प्राधिकारी उस तारीख तथा समय की जिस पर कि और उस स्थान की जहां कि अपील की सुनवाई की जाएगी, जानकारी देते हुए अपीलार्थी को एक सूचना जारी करेगा। ऐसी सूचना में यह भी कथित किया जाएगा कि यदि अपीलार्थी निर्धारित की गई तारीख को या अन्य किसी तारीख को, जिसको कि सुनवाई स्थगित की जाए, उपसंजात न हो, तो उपसंजात में चूक करने के कारण अपील खारिज कर दिए जाने के दायित्वाधीन होगी या गुणागुण के आधार पर उसका एकपक्षीय निपटारा कर दिया जाएगा।

(2) अपीलीय प्राधिकारी, अपील के ज्ञापन की प्रति सहित सूचना की एक प्रति प्रत्यर्थी को भेजेगा तथा कलक्टर से मामले के अभिलेख बुला कर प्राप्त करेगा।

11. **अपील की सुनवाई**– नियत तारीख पर या अन्य किसी ऐसी तारीख पर जिसके कि लिए मामला स्थगित कर दिया जाए, अपीलीय प्राधिकारी अपील की सुनवाई करेगा तथा उसकी ओर से पेश किए गए साक्ष्य को ग्रहण करेगा। वह ऐसे किसी व्यक्ति की, यदि कोई हो, सुनवाई करेगा, जो प्रत्यर्थी की ओर से उपसंजात हो और कलक्टर के आदेश के पक्ष में पेश किए गए साक्ष्य को ग्रहण करेगा।

12. **अपील आदेश**– प्रस्तुत किए गए समस्त साक्ष्य पर तथा अपीलार्थी एवं कलक्टर की ओर से प्रस्तुत अभ्यावेदनों पर विचार करने के पश्चात् और मामले के अभिलेखों का परीक्षण करने के पश्चात् अपीलीय प्राधिकारी यह विनिश्चत करेगा कि क्या अधिनियम की धारा 40(1) के अधीन कलक्टर के आदेश में संपत्तियों का यथा निर्धारित बाजार मूल्य एवं/अथवा प्रभारित शुल्क सही है अथवा नहीं। उस दशा में, जबकि अपीलीय प्राधिकारी कलक्टर द्वारा अवधारित सम्पत्तियों का बाजार मूल्य तथा/अथवा शुल्क विनिश्चय को स्वीकार न करे तो वह सम्पत्तियों का सही बाजार मूल्य तथा लिखत पर देय शुल्क अवधारित करेगा। अपीलीय प्राधिकारी अपने विनिश्चय को तथा उसके कारण को एक आदेश में सन्निविष्ट करेगा तथा उसे अपीलार्थी, कलक्टर तथा संबंधित रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी को संसूचित करेगा।

13. **कलक्टर को अभिलेखों की वापसी**.– अपीलीय प्राधिकारी, आदेश पारित कर दिए जाने के पश्चात् यथा–संभव शीघ्र कलक्टर को पारित आदेश की प्रति के साथ अभिलेख वापस कर देगा।

14. **प्रकिया संबंधी नियम**.– (1) अपीलीय प्राधिकारी, अपील की सुनवाई को समय–समय पर जैसा कि वह उचित समझे, स्थगन कर सकेगा।

(2) अपीलीय प्राधिकारी किसी भी प्रक्रम पर अपीलार्थी या प्रत्यर्थी से कोई जानकारी, अभिलेख या अन्य साक्ष्य मंगा सकेगा।

(3) अपील में अपीलार्थी या तो व्यक्तिशः या किसी अधिवक्ता या किसी प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से उप–संजात हो सकेगा।

(4) उन विषयों के संबंध में जिनका कि इन नियमों में उपबंध न किया गया हो, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के वे उपबंध जो कि सिविल न्यायालय के आदेश के विरूद्ध अपीलों में अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया से संबंधित हैं यथाशक्य, अधिनियम की धारा 40(1)(घ) एवं (ङ) के अधीन अपीलों को लागू होंगे।

15. **पक्षकारों को सूचना तथा आदेशों की तामीली की रीति**.– नियम 5 अथवा नियम 7 के अधीन कोई सूचना या आदेश निम्नलिखित रीति में तामील किया जाएगा अर्थात्:–

(क) किसी कंपनी सोसाइटी या व्यष्टि संगम के मामले में, चाहे वे निगमित हों या न हों–

(एक) यथास्थिति, कंपनी, सोसाइटी या व्यष्टि संगम के सचिव या किसी संचालक या अन्य प्रमुख अधिकारी पर तामील किया जाएगा ; या

(दो) यथास्थिति, कंपनी, सोसाइटी या व्यष्टि संगम के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पर सुपुर्द करके या उसे संबोधित अभिस्वीकृती प्राप्त रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजकर तामील किया जाएगा या यदि कोई रजिस्ट्रीकृत कार्यालय न हो, तो उस स्थान पर तामील किया जायेगा जहां कि यथास्थिति, कंपनी, सोसाइटी, या व्यष्टि संगम कारबार चलाता था।

(ख) किसी फर्म के मामले में :–

(एक) भागीदारों में से किसी एक या अधिक पर तामील किया जाएगा ; या

(दो) उस प्रमुख स्थान पर जहां भागीदारी कारबार चलाया जाता हो ऐसे किसी व्यक्ति पर तामील किया जाएगा जो कि तामीली के समय भागीदारी के कारबार पर नियंत्रण रखता हो या उसका प्रबन्ध करता हो।

(ग) कुटुम्ब के मामले में, खण्ड (घ) में विनिर्दिष्ट की गई रीति में उस व्यक्ति पर तामील किया जाएगा, जो कि ऐसे कुटुम्ब का या ऐसे कुटुम्ब की सम्पत्ति का प्रबन्ध करता हो;

(घ) किसी एक व्यक्ति के मामले में:–

(एक) संबंधित व्यक्ति या उसके अधिवक्ता या प्राधिकृत अभिकर्ता को सूचना या आदेश परिदत्त करके या निविदत्त करके तामील किया जाएगा, या

(दो) कुटुम्ब के किसी व्यस्क सदस्य को सूचना या आदेश परिदत्त करके या निविदत्त करके तामील किया जाएगा, या

(तीन) संबंधित व्यक्ति की अभिस्वीकृति प्राप्त रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा सूचना या आदेश भेजकर तामील किया जाएगा, या

(चार) यदि तामील की पूर्वोक्त रीतियों में से कोई भी रीति साध्य न हो तो, संबंधित व्यक्ति के निवास या कारोबार के अंतिम ज्ञात स्थान के किसी सहज दृश्य भाग पर सूचना या आदेश को चिपकाकर तामील किया जाएगा।

प्ररूप– एक

(नियम 5 (1) देखिए)

(1) निष्पादकों का नाम एवं पता

(2) दावेदारों का नाम एवं पता

(3) निष्पादन की तारीख

(4) प्रस्तुतीकरण का दिनांक

(5) दस्तावेज का प्रकार

(6) दस्तावेज पर दिया गया शुल्क

(7) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी की राय में दस्तावेज का प्रकार एवं उन पर देय शुल्क

(8) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी की शुल्क गणना का आधार

(9) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी की राय में कमी शुल्क

(10) टिप्पणियां (यदि कोई हो)

स्थान .....

तारीख .....

रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी का नाम .....

हस्ताक्षर.....

प्ररूप–दो

(नियम 5(2) देखिए)

प्रकरण क्रमांक .....

प्रति

.....

.....

(1) कृपया सूचित हों कि आपके द्वारा/आपके पक्ष में दिनांक ..... को निष्पादित लिखत के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों का बाजार मूल्य और/अथवा उपरोक्त लिखत पर देय शुल्क का अवधारण करने के लिए रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी ने मूल लिखत परिबद्ध कर धारा 38 की उप–धारा (2) के अधीन अपने प्रतिवेदन के साथ इस कार्यालय को भेजा है। रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के प्रतिवेदन की एक प्रति संलग्न है।

(2) सम्पत्तियों का बाजार मूल्य तथा/अथवा लिखत पर देय शुल्क के अवधारण से संबंधित मामले की सुनवाई (तारीख) ..... को शिविर में ..... बजे पूर्वाह्न/अपरान्ह में की जाएगी।

(3) आपसे एतद्द्वारा यह अपेक्षा की जाती है कि आप यह दर्शाने के लिए कि लिखत में उल्लिखित सम्पत्तियों का बाजार मूल्य सत्यतापूर्वक उपवर्णित किया गया है, तथा/अथवा उचित शुल्क चुकाया गया है, लिखित में अपनी आपत्तियां तथा अभ्यावेदन, यदि कोई हो, सुसंगत, दस्तावेजों के साथ यदि कोई हो, सुनवाई की तारीख को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें और यह भी उपदर्शित करें कि क्या आप कोई मौखिक साक्ष्य देने की वांछा करते हैं तथा सुनवाई के समय उपस्थित रहेंगे।

(4) यदि आप अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपसंजात होने के या यह उपदर्शित करने के कि क्या आप कोई मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य जो कि आवश्यक है, देने की वांछा करते हैं या सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत करने के इस अवसर पर लाभ उठाने में चूक करते हैं तो आगे कोई और अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले का निपटारा कर दिया जाएगा।

कार्यालय .....

कलक्टर

.....

स्थान .....

तारीख .....

(मुद्रा)

प्ररूप–तीन

(नियम 5 (2) देखिए)

प्रति

.....

.....

कृपया सूचित हों कि आपके द्वारा/पक्ष में दिनांक ..... (दस्तावेज के पंजीकृत होने की दशा में पंजीयन कमांक ..... एवं दिनांक .....) को निष्पादित लिखत असम्यक् रूप से मुद्रांकित होने से भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 33 के अधीन परिबद्ध है। भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 40 के अधीन लिखत पर देय स्टांप शुल्क के निर्धारण हेतु प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

(2) लिखत में वर्णित सम्पत्ति का बाजार मूल्य तथा/अथवा उस पर देय प्रभार से संबंधित मामले की सुनवाई (तारीख) ..... को..... शिविर पर.....बजे पूर्वान्ह/अपरान्ह में की जाएगी।

(3) आपसे एतद्द्वारा यह अपेक्षा की जाती है कि आप यह दर्शाने के लिये कि लिखत में उल्लिखित सम्पत्तियों का बाजार मूल्य सत्यतापूर्वक उपवर्णित किया गया है तथा/अथवा उचित शुल्क चुकाया गया है, लिखित में अपनी आपत्तियाँ तथा अभ्यावेदन यदि कोई हो, सुसंगत दस्तावेज के साथ यदि कोई हो, सुनवाई की तारीख को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें और यह भी उपदर्शित करें कि क्या आप कोई मौखिक साक्ष्य देने की वांछा करते हैं तथा सुनवाई के समय उपस्थित रहेंगे।

(4) यदि आप अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपसंजात होने के या उपदर्शित करने के लिये कि क्या आप कोई मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य जो कि आवश्यक है देने की वांछा करते हैं या सुसंगत दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के इस अवसर का लाभ उठाने में चूक करते हैं तो आगे कोई और अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले का निपटारा कर दिया जाएगा।

कार्यालय .....

स्थान .....

तारीख .....

कलक्टर

.....

(मुद्रा)

प्ररूप–चार

(नियम 5 (2) देखिए)

प्रति

.....

.....

कृपया सूचित हों कि आपके द्वारा/पक्ष में निष्पादित लिखत दिनांक ..... (दस्तावेज के पंजीकृत होने की दशा में पंजीयन कमांक ..... एवं दिनांक .....) की प्रति से प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि लिखत सम्यक् रूप से मुद्रांकित नहीं है। अतः आपसे एतदद्वारा अपेक्षा की जाती है कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 48(ख) के अधीन मूल लिखत पर संदत्त शुल्क की रकम की पर्याप्तता के बारे में समाधान करने के प्रयोजन से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक ..... को समय ..... पर मूल लिखत प्रस्तुत करें।

नियत तिथि पर मूल लिखत प्रस्तुत नहीं किए जाने पर, यह उपधारणा की जाएगी कि मूल लिखत सम्यक रूप से मुद्रांकित नहीं है और तद्नुसार लिखत की प्रतिलिपि के आधार पर भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 40 में उपबंधित रीति से कमी मुद्रांक शुल्क एवं शास्ति की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी।

कार्यालय ..... कलक्टर
स्थान .....
तारीख ..... (मुद्रा)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. डी. रिछारिया, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2018

क्र. एफ–बी–04–05–2018–2–पांच–(28).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुक्रम में, इस आशय की अधिसूचना क्रमांक एफ–बी–04–05–2018–2–पांच–(28), दिनांक 11 अप्रैल 2018 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. डी. रिछारिया, उपसचिव.

No. F-B-4-05-2018-2-V-(28) Bhopal, the 11th April 2018

In exercise of the powers conferred by Section 2(16) C, Section 75 of the Indian Stamp Act, 1899 (No. II of 1899) read with Notification No. 16638-227-XXI-A- dated 23/10/2017 and all other powers enabling in that behalf and in supersession of this department's Notification No. (60) B-4-4-2000-CTD-V dated the 31st July, 2000 with all the subsequent amendments made there to the State Government hereby makes the following rules, namely:-

RULES

1. **Short title and commencement.–**

(1) The rules may be called the Madhya Pradesh Preparation and Revision of Market Value Guidelines Rules, 2018.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Madhya Pradesh Gazette.

2. **Definitions.** - In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) ***"Act"*** means the Indian Stamp Act, 1899 (Act II of 1899) as applicable to the State of Madhya Pradesh;

(b) ***"Board"*** means a Board constituted under these rules;

(c) ***"Committee"*** means a committee constituted under these rules;

(d) ***"Market Value Guidelines"*** means defined in section 2 (16) c of the Act.

(e) ***"Registering Officer"*** means the registering officer appointed under the Registration Act, 1908 (No. XVI of 1908).

(f) "***SAMPADA*** or "the Stamps And Management of Property and Documents Application" means the computerized and web enabled system of e-stamping and registering documents electronically in the State accessible to Licensed Service Providers or Users authorized under the relevant rules or orders issued by the State Government or the Inspector General of Registration from time to time.

3. **Constitution of Central Valuation Board and its functions.–**

(1) The Central Valuation Board shall consist of-

1.	Inspector General of Registration,	-	Chairperson
2.	Engineer in Chief, Public works Department or his representative not below the rank of Chief Engineer,	-	Member
3.	Director of Town and Country Planning or his representative not Below the rank of Joint Director,	-	Member
4.	Commissioner, of Land Records or his representative not below the Rank of Deputy Commissioner,	-	Member
5.	Director, Agriculture or his representative not below the rank of Joint Director,	-	Member
6.	Chief Conservator Forest or his representative not below the rank Of Conservator of Forest,	-	Member
7.	Head of the Department of Architecture of Maulana Aazad National Institute of Technology,	-	Member
8.	Head of the Department of Civil Engineering of Maulana Aazad National Institute of Technology,	-	Member
9.	All regional Deputy Inspector General, Registration,	-	Member
10.	Joint Inspector General, Registration/ Deputy Inspector General, Registration (Authorized by Inspector General, Registration in this regard),	-	Convener
11.	Any other member nominated by the State Government.	-	Member

(2) The Board shall perform the following function. -

(a) Receive information/data of property transactions entered by the District Valuation Committee alongwith the provisional rates for analysis and final approval.

(b) Determine norms/ sub clause for fixation of market values in respect of valuation of lands, buildings and various kinds of interests in the immovable property.

(c) May fix rates for different categories of construction etc., which may be different for different areas.

4. **Constitution of District Valuation Committee and Sub-District Valuation Committee and their Functions.–**

(1) District Valuation Committee shall consist of:-

1.	Collector	-	Chairperson
2.	A Member of Legislative Assembly from the Urban area of the concerned constituency as recommended by the Minister in charge of the district concerned,	-	Member
3.	Chairperson, Janpad Panchaayat, District Headquarter	-	Member
4.	Executive Engineer, Public Works Department	-	Member
5.	Executive Engineer, Department of Water Resources	-	Member
6.	Commissioner, Municipal Corporation or Chief Municipal Officer at the District Headquarter	-	Member
7.	Chief Executive Officer, Jila Panchayat	-	Member
8.	Superintendent, Land Records/ Superintendent Diversion	-	Member
9.	Rent Control Officer	-	Member
10.	District Forest Officer	-	Member
11.	Chief Executive Officer, Development Agency/ Deputy Commissioner Madhya Pradesh Housing Board	-	Member
12.	Joint Director / Deputy Director, Town and Country Planning	-	Member
13.	General Manager, Industries	-	Member
14.	Senior District Registrar/ District Registrar of the District	-	Convener

(2) The District Valuation Committee shall perform the following functions, namely:-

(a) collect information on property values and property trends which would be compiled in the form of primary data along with the existing data.

(b) analyze the proposed values in the Formats received in the manner prescribed by Inspector General of registration which includes SAMPADA along with other information received from the Sub-District Valuation Committee and the information collected in respect to construction rates, actual rates of the properties etc. compiled in the form of primary data and to fix the provisional values.

(c) notify the provisional values in the manner prescribed by the Inspector General of registration which includes SAMPADA and to invite the suggestions of the public thereon and to consider them.

(d) send the provisional values for approval of Central Valuation Board and to issue the market value guidelines for different areas on approval.

(3) The Sub-District Valuation Committee shall consist of-

1.	Sub-Divisional Officer, Revenue	-	Chairperson
2.	Chairman, Janpad Panchayat, Sub-District Headquarter	-	Member
3.	Tehsildar/Naib Tehsildar	-	Member
4.	Assistant Engineer, Water Resources Department	-	Member
5.	Assistant Engineer, Public Works Department	-	Member
6.	Chief Municipal Officer/ or Commissioner Municipal Corporation or his nominee	-	Member
7.	Chief Executive Officer, Janpad Panchayat or his Nominee,	-	Member
8.	Sub-Divisional Officer, Forest	-	Member
9.	Senior Sub-Registrar/Sub-Registrar	-	Convener

(4) The Sub-District Valuation Committee shall perform the following functions, namely:-

(a) Collect and compile data pertaining to property values. For this purpose the data of average value on the basis of documents registered in the Sub-Registrar Office, shall be taken into consideration. In the absence of any sale transaction during that period, either sale instances of comparable land/property would be taken as the basis or the price may be increased as per price index. The information regarding the prevalent market value of the property may be provided by patwaries through Tahsildars. The other information like cost of construction, official sales, auction sale etc. would be collected by the Committee from the concerned offices.

(b) Analyse the data collected and to propose the values in the prescribed input forms and forward the same in the manner prescribed by the Inspector General of Registration which includes "SAMPADA" to the respective District Valuation Committee along with all the data and information collected.

5. **Periodicity of Revision.**- The market value guidelines under these rules shall be revised annually from 1st April.

6. **Procedure to prepare Market Value Guideline.**- While working out the values of immovable property, the committees shall take into account the following facts :-

(1) The case of lands :-

(a) classification of land as unirrigated or irrigated, diverted or Non-Diverted and the like;

(b) classification under various categories in the settlements register;

(c) the rate of revenue assessments for each classification;

(d) other factors which influence the valuation of the land in question;

(e) points, if any, mentioned by the parties to the instrument or any other person which required special consideration.

(f) value of adjacent land or lands in vicinity;

(g) average yield from the land, proximity to road and market, distance from village site, level of land transport facilities, facilities available for irrigation in any form;

(h) the nature of Crops raised on the land;

(i) use of land as residential, commercial or industrial,

(j) the relative position of urban area and investment area or development of the town.

(2) In case of house sites:-

(a) The general value of house sites in locality;

(b) Proximity to roads, railway stations, bus routes,

(c) Proximity to market, shop and the like ;

(d) Amenities available in the place like, Public Offices, Hospitals and Educational Institutes,

(e) Development activities, industrial improvements in the vicinity ;

(f) Any special feature having a special bearing on the valuation of the site ; and

(g) Commercialisation of home location and affiliation of these with reserved area by master plan or town and country planning.

(3) In case of buildings:-

(a) type and structure,

(b) locality in which constructed,

(c) plinth area,

(d) year of construction,

(e) kind of material used,

(f) rate of Depreciation,

(g) fluctuation in rates,

(h) Any special feature having a special bearing on the valuation of the site;

(i) The purpose for which the building is being used, and the income, if any, by way of rent per annum secured on the building; and

(j) Relative position and reputation of the area where the building is located.

(4) Other factors which the Committee considers necessary.

7. **Formats.-** The Formats for the Rates/Market Value pertaining to different categories of plots, lands and constructions etc. shall be as prescribed by the Inspector General of Registration and shall be prepared as prescribed by Inspector General of Registration which includes SAMPADA.

8. **Supply of Market Value Guidelines.-** The Market value guideline prepared as per rules 6 and 7, shall be made available to each Registering officer and the general public by the convener of the District Valuation Committee in the manner prescribed by Inspector General of Registration which includes SAMPADA. The list of Market Value Guideline shall be referred by registering officer for market value presented for registration of the documents.

9. **Powers for Special Revision.-**

(1) Notwithstanding anything contained in these rules, the Inspector General of Registration and Superintendent of Stamps may order of a special revision of Market Value Guidelines in any specified area under the following circumstances leading to a sudden appreciation of land values-

(a) Setting up of an industry or a group of industries of infrastructure projects;

(b) Development of large scale housing projects;

(c) Any other special circumstances having an impact on the values of immovable property in any specified area.

(2) The cases which are covered under sub-rule (1), the committee constituted under sub-rule (1) of Rule 4 shall take up the revision of Market Value Guideline within the time limit stipulated by the Inspector General of Registration and Superintendent of Stamps.

(3) Such revised value shall be implemented from the date to be fixed by the Inspector General of Registration and Superintendent of Stamps.

10. **Summons to the public, public officers and recording statement by the committee.-** The committee constituted under Rule 4, after serving of the notice if it thinks fit to do so, record the statement of the person and for the purpose of enquiry-

(a) may call any information of record from any public office or officer or Authority under the State Government of any local authority;

(b) record statement from any member of the public office or authority under the State Government or any local authority;

(c) may call the parties to be present on the date specified in the notice and on such other date as may be fixed by it.

11. The Authority competent for rectification of anomalies.- If any representation is received from any parties aggrieved by the rates shown in the Market Value Guideline or if any officer of the department notice anomaly, the issue shall be referred to the committee specified in sub-rule (1) of Rule 4 and such committee shall send proposals to the Inspector General of Registration for rectifying the anomaly by revision. After examining the proposal, the Inspector General of Registration may issue appropriate instructions.

12. General Control and Supervision.- It shall be competent for the Inspector General to issue such administrative instructions of general nature as may be required from time to time for the effective implementation of these rules.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
S. D. RICHHARIA, Dy. Secy.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2018.